# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

## कक्षा-5

### पाठ्यक्रम

स्वर एवं व्यंजन, मात्राएँ, संयुक्त व्यंजन एवं द्वित्व व्यंजन, 'र' के रूप (रेफ़ और पदेन), वर्ण-विच्छेद, वर्ण संयोजन, मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ, विराम चिह्न, शुद्ध शब्द, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया एवं क्रिया-विशेषण शब्दों की पहचान एवं उचित प्रयोग, लिंग एवं वचन का ज्ञान, काल, राष्ट्रीय प्रतीक एवं पर्वों के बारे में जानकारी, पर्यायवाची एवं विलोम अर्थ वाले शब्द, शब्द लड़ी में उचित शब्द, हिंदी में गिनती का सही क्रम (एक से पचास तक), हंदी महीनों के नाम एवं क्रम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, बिंदु (ं) एवं चंद्रबिंदु ( ँ), वाक्य के प्रकार, वाक्य बनाना, अपठित गद्यांश एवं अपठित काव्यांश।

- हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वयं को परखने तथा सफलता के मार्ग की बाधाओं के बारे में पता चलता है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में दिए गए प्रश्नों को जानने-समझने से विद्यार्थियों के अंदर ज्ञान की जिज्ञासा उत्पन्न होती है। इन परीक्षाओं की तैयारी से विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास होता है।
- अभिव्यक्ति के सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम के रूप में भाषा समाज के सर्वांगीण विकास, निर्माण, अस्मिता, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्वपूर्ण साधन है। हिंदी ओलंपियाड की तैयारी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के नये मार्ग का सृजन करती है।
- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र मिलता है, इससे चयनित नहीं होने वाले विद्यार्थियों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता अति आवश्यक है। अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और रटने की बजाय समझने का अधिक प्रयास करें, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।

# 1-भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

1. रोमन किस भाषा की लिपि है?
   (क) हिंदी
   (ख) अंग्रेजी
   (ग) मराठी

2. हिंदी को राजभाषा किस दिन घोषित किया गया ?
   (क) 14 सितम्बर, 1969 को
   (ख) 14 सितम्बर, 1949 को
   (ग) 14 सितम्बर, 1959 को

3. देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली भाषाओं का सही समूह है-
   (क) संस्कृत , गुजराती , अंग्रेजी
   (ख) उड़िया , तमिल , मराठी
   (ग) हिंदी , मराठी , नेपाली

4. फ्रेंच, जर्मन, पुर्तगाली व स्पेनिश भाषा की लिपी है-
   (क) रोमन
   (ख) सिरिलिक
   (ग) फारसी

5. निम्न में से किसका संबंध भाषा के लिखित रूप से नहीं है?
   (क) समाचार पत्र
   (ख) टेलीफ़ोन
   (ग) पोस्टर्स

6. बच्चा अपने परिवार में क्या सीखता है?
   (क) राजभाषा
   (ख) मातृभाषा
   (ग) राष्ट्रीय भाषा

7. भाषा के नियमों से संबंधित शास्त्र है -
   (क) व्याकरण
   (ख) लिपि
   (ग) भाषा

8. किसी भाषा के ध्वनि चिह्नों को कहते हैं -
   (क) लिपि
   (ख) व्याकरण
   (ग) भाषा

9. विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है-
   (क) लिपि
   (ख) व्याकरण
   (ग) भाषा

10. पुस्तक में भाषा के किस रूप का प्रयोग किया जाता है ?
   (क) लिखित
   (ख) मौखिक
   (ग) कथित

11. आंध्र प्रदेश में किस भाषा का अधिक प्रयोग होता है?
   (क) तमिल
   (ख) तेलुगू
   (ग) मलयालम

12. रेखा पत्र लिख रही है-भाषा का रूप है-
   (क) मौखिक
   (ख) लिखित
   (ग) उपर्युक्त दोनों


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 2-वर्ण विचार

**1. वर्ण किसे कहते हैं ?**

(क) भाषा एवं उसके रूपों को

(ख) भाषा की सबसे छोटी ध्वनि को

(ग) शब्दों को

**2. 'नाटक' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद कीजिए**

(क) न् + आ + ट् + क + अ

(ख) न् + आ + ट् + अ + क् + अ

(ग) न् + आ + ट् + क् + अ

**3. प्रश्न में प्रयुक्त हुआ है-**

(क) आगत

(ख) रेफ़

(ग) पदेन

**4. वर्णमाला क्या है ?**

(क) वर्णों का व्यवस्थित समूह

(ख) पुष्पमाला

(ग) शब्दमाला

**5. 'राम' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद कीजिए-**

(क) र् + आ + म् + अ

(ख) र् + अ + म + अ

(ग) र् + अ + म् + अ

**6. 'व्यंजन' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है-**

(क) व् + इ + ज् + ञ् + आ + न् + अ

(ख) व् + ज् + ञ् + आ + न् + अ

(ग) व् + य् + अं + ज् + अ + न् + अ

**7. स्वर के कितने भेद होते हैं ?**

(क) तीन

(ख) चार

(ग) पाँच

**8. 'सैनिक' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद कीजिए**

(क) स् + ै + न् + इ + क

(ख) स् + ऐ + न् + इ + क् + अ

(ग) स् + अ + ै + न् + ई + क् + अ

**9. 'अं' एवं 'अः' क्या कहलाते हैं ?**

(क) स्वर

(ख) व्यंजन

(ग) अयोगवाह

**10. कर्म में प्रयुक्त हुआ है-**

(क) रेफ़

(ख) पदेन

(ग) नुक्ता

**11. उच्चारण के आधार पर व्यंजन के कितने भेद हैं ?**

(क) तीन

(ख) दो

(ग) पाँच

**12. 'काँच' शब्द में प्रयुक्त हुआ है-**

(क) विसर्ग

(ख) अनुनासिक

(ग) अनुस्वार

# 3-संयुक्त व्यंजन

1. 'ज्ञ' बना है –
   (क) ज् + र्
   (ख) ज् + ञ
   (ग) ज् + ञ्

2. श्रमिक में प्रयुक्त हुआ है –
   (क) संयुक्त व्यंजन
   (ख) द्वित्व व्यंजन
   (ग) दोनों

3. मक्का शब्द में प्रयुक्त हुआ है –
   (क) द्वित्व व्यंजन
   (ख) संयुक्त व्यंजन
   (ग) दोनों

4. सबसे बड़ा ………… धन है – वाक्य में उचित शब्द होगा –
   (क) विद्या
   (ख) विधां
   (ग) विद्यया

5. हवामहल ………… में है । वाक्य में उचित शब्द होगा –
   (क) मुंबई
   (ख) जयपुर
   (ग) कोलकाता

6. किस शब्द में द्वित्व व्यंजन का प्रयोग हुआ है?
   (क) गन्ना
   (ख) सत्य
   (ग) मट्ठा

7. संयुक्त व्यंजन हैं –
   (क) पाँच
   (ख) तीन
   (ग) चार

8. डिब्बा शब्द में है –
   (क) संयुक्त व्यंजन
   (ख) द्वित्व व्यंजन
   (ग) कोई नहीं

9. श्रवण शब्द में है –
   (क) द्वित्व व्यंजन
   (ख) संयुक्त व्यंजन
   (ग) कोई नहीं

10. 'श्र' की रचना में कौन सी ध्वनियाँ शामिल हैं-
   (क) श् + ऋ
   (ख) श् + र् + अ
   (ग) ष् + र

11. अनाज ………… हो गया – वाक्य में उचित शब्द होगा –
   (क) इकट्ठा
   (ख) इकट्ठा
   (ग) कोई नहीं

12. अखबार में ………… छपा है – वाक्य में उचित शब्द होगा –
   (क) विज्ञापन
   (ख) विग्यापन
   (ग) विञापन


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 4-संज्ञा

1. 'बच्चा' शब्द से भाववाचक संज्ञा क्या बनेगी ?

(क) बचपन

(ख) बचकाना

(ग) बच्चे

2. हिंदी में भाववाचक संज्ञाएँ बनाई जाती हैं-

(क) विशेषण व जातिवाचक संज्ञा से

(ख) क्रिया, विशेषण व अव्यय शब्दों से

(ग) उपर्युक्त दोनों समूह से

3. विशेष व्यक्ति, वस्तु, स्थान के नाम को क्या कहा जाता है?

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ख) जातिवाचक संज्ञा

(ग) भाववाचक संज्ञा

4. व्यक्तिवाचक संज्ञा समूह नहीं है-

(क) रमेश, जयपुर, ताजमहल

(ख) कोयल, दिल्ली, मोहनी

(ग) लड़का, सेना, दल

5. जातिवाचक संज्ञा समूह है-

(क) मानव, शिशु, शहर

(ख) शिशु, स्व, ऊपर

(ग) मानव, मानवीयता, मानवत्व

6. उसकी लिखाई बहुत सुंदर है। वाक्य में लिखावट है-

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(ख) जातिवाचक

(ग) भाववाचक संज्ञा

7. 'मधुर' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा शब्द है-

(क) मधुरता

(ख) माधुर्य

(ग) 'क' एवं 'ख' दोनों

8. 'बूढ़ा' शब्द से भाववाचक संज्ञा बनेगी-

(क) बूढ़ी

(ख) बुढ़ापा

(ग) बुढ़ाना

9. वह गाँव में रहता है। गाँव शब्द है-

(क) व्यक्तिवाचक

(ख) जातिवाचक

(ग) भाववाचक

10. 'श्याम' उदाहरण है-

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा का

(ख) भाववाचक संज्ञा का

(ग) जातिवाचक संज्ञा का

# 5-सर्वनाम

1. बाहर कौन आया है ? उचित सर्वनाम का भेद है -
(क) निश्चयवाचक
(ख) अनिश्चयवाचक
(ग) प्रश्नवाचक

2. जो मेहनत करेगा वह फल पाएगा। उचित सर्वनाम का भेद है -
(क) प्रश्नवाचक
(ख) संबंधवाचक
(ग) निजवाचक

3. हमें अपना काम स्वयं करना चाहिए। 'स्वयं' किस सर्वनाम का भेद है -
(क) निजवाचक
(ख) निश्चयवाचक
(ग) संबंधवाचक

4. दाल में कुछ काला है। रंगीन शब्द सर्वनाम का भेद है -
(क) निश्चयवाचक
(ख) अनिश्चयवाचक
(ग) पुरुषवाचक

5. सर्वनाम के कितने भेद हैं ?
(क) दो
(ख) चार
(ग) छह

6. वह मेरा घर है। वाक्य में 'मेरा' है -
(क) निश्चयवाचक
(ख) अनिश्चयवाचक
(ग) निजवाचक

7. 'जो करेगा वही भरेगा'। यह किस सर्वनाम का भेद है ?
(क) संबंधवाचक
(ख) निजवाचक
(ग) पुरुषवाचक

8. 'मैं अपना काम स्वयं करता हूँ' । वाक्य में सर्वनाम है -
(क) पुरुषवाचक
(ख) निजवाचक
(ग) निश्चयवाचक

9. 'मोहित का कुछ खो गया है, आज वह उदास है'। इस वाक्य में सर्वनाम है-
(क) निश्चयवाचक, प्रश्नवाचक
(ख) अनिश्चयवाचक, पुरुषवाचक
(ग) निजवाचक, मध्यम पुरुष

10. 'कौन है जो सपनों में आया'? इस वाक्य में सर्वनाम शब्द प्रयुक्त हुआ है-
(क) कौन
(ख) आया
(ग) जो

11. 'सर्वनाम' में सर्व का क्या अर्थ है -
(क) सर्वेश्वर
(ख) सबका
(ग) सर्वत्र

12. तुम कहाँ रहते हो? वाक्य में 'कहाँ' है -
(क) प्रश्नवाचक
(ख) पुरुषवाचक
(ग) संबंधवाचक


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 6–विशेषण

1. सार्वनामिक विशेषण का सही उदाहरण है–
   (क) वह घोड़ा तेज दौड़ता है।
   (ख) यह लोकेश मेरा भाई है।
   (ग) लोकेश भाई है।

2. 'विवेक बहुत बुद्धिमान है।' इस वाक्य में 'बुद्धिमान' शब्द है–
   (क) परिमाणवाचक विशेषण
   (ख) गुणवाचक विशेषण
   (ग) संख्यावाचक विशेषण

3 'माँ पाँच मीटर कपड़ा लाई।' इस वाक्य में विशेषण शब्द है–
   (क) माँ
   (ख) लाई
   (ग) पाँच मीटर

4. संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, रंग-रूप के बारे में बताते हैं, उन्हें कहते हैं–
   (क) गुणवाचक विशेषण
   (ख) परिमाणवाचक विशेषण
   (ग) सार्वनामिक विशेषण

5. 'लड़ना' शब्द का विशेषण क्या है ?
   (क) लड़ाई
   (ख) लड़कपन
   (ग) लड़ाकू

6. 'साहसी सैनिक' में विशेष्य है–
   (क) विधेय
   (ख) सैनिक
   (ग) साहसी

7. सफ़ेद घोड़ा दौड़ रहा है। इसमें विशेषण है –
   (क) परिणामवाचक
   (ख) सार्वनामिक
   (ग) गुणवाचक

8. दो किलो चावल दे दीजिए । रेखांकित शब्द है–
   (क) परिमाणवाचक विशेषण
   (ख) संख्यावाचक विशेषण
   (ग) सार्वनामिक विशेषण

9. यह खिलौना सुंदर है। रंगीन शब्द विशेषण है –
   (क) गुणवाचक विशेषण
   (ख) सार्वनामिक विशेषण
   (ग) परिमाणवाचक विशेषण

10. 'पिता जी कुछ पुस्तकें लाए हैं।' इस वाक्य में 'कुछ' क्या है?
   (क) सार्वनामिक विशेषण
   (ख) परिमाणवाचक विशेषण
   (ग) संख्यावाचक विशेषण

11. 'इतिहास' शब्द का विशेषण बनेगा–
   (क) इतिहासिक
   (ख) ऐतिहासिक
   (ग) इतिहासकार

12. विशेषण कितने प्रकार के होते हैं ?
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

# 7-क्रिया

1. **बच्चा बिस्तर पर सो रहा है। - वाक्य में 'सो रहा है' क्या है ?**
   (क) कर्म
   (ख) क्रिया
   (ग) कर्ता

2. **धोबी कपड़े धो रहा था। - वाक्य में 'कपड़े' शब्द क्या है ?**
   (क) कर्म
   (ख) क्रिया
   (ग) कर्ता

3. **घोड़ा घास खा रहा है। - वाक्य में 'घास' क्या है ?**
   (क) कर्म
   (ख) क्रिया
   (ग) कर्ता

4. **गीता गाना गाती है। - वाक्य में 'गीता' क्या है ?**
   (क) कर्म
   (ख) क्रिया
   (ग) कर्ता

5. **इनमें से कौन-सा वाक्य अकर्मक क्रिया है ?**
   (क) तनु सो रही है
   (ख) सलोनी पानी पीती है
   (ग) घोड़ा घास खाता है

6. **इनमें से कौन-सा वाक्य सकर्मक क्रिया है ?**
   (क) अथर्व पुस्तक पढ़ रहा है।
   (ख) शोभा खाना बनाती है
   (ग) हवा चल रही है

7. **'शेर दहाड़ रहा है' वाक्य में क्रियापद है -**
   (क) रहा है
   (ख) दहाड़
   (ग) दहाड़ रहा है

8. **जो क्रिया दो कर्म रखती है, उसे कहते हैं -**
   (क) अकर्मक क्रिया
   (ख) सकर्मक क्रिया
   (ग) द्विकर्मक क्रिया

9. **अकर्मक क्रिया वाला वाक्य कौन-सा है ?**
   (क) सपना गीत गाती है।
   (ख) रोहन रो रहा है।
   (ग) उसने घड़ी खरीदी।

10. **मोहन हँस रहा है। रेखांकित क्रिया का भेद है -**
    (क) अकर्मक
    (ख) सकर्मक
    (ग) द्विकर्मक

11. **यह दुकानदार सामान कम ............। उचित क्रिया रूप होगा -**
    (क) तौला
    (ख) तौलता है
    (ग) दिया

12. **कल हम विद्यालय नहीं ................। उचित क्रिया रूप होगा-**
    (क) गई थी
    (ख) गए थे
    (ग) गया था


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 8–लिंग

1. भाषाओं व लिपियों के नाम प्रायः होते हैं –
   (क) पुल्लिग
   (ख) स्त्रीलिंग
   (ग) दोनों

2. सदैव पुल्लिंग होते हैं –
   (क) नदियों के नाम
   (ख) भाषाओं के नाम
   (ग) सागरों के नाम

3. 'गायक' का स्त्रीलिंग है –
   (क) गायकी
   (ख) गायिका
   (ग) गायकाइन

4. 'सेवक' का स्त्रीलिंग क्या है?
   (क) सेविका
   (ख) सेविकाएं
   (ग) सेविकाईन

5. 'कवि' का स्त्रीलिंग क्या है?
   (क) कवयित्री
   (ख) कावयित्री
   (ग) (क), (ख) दोनों

6. 'देवर' का स्त्रीलिंग है –
   (क) देवरी
   (ख) देवरानी
   (ग) देवराइन

7. 'बलवान' का स्त्रीलिंग है –
   (क) बलवानी
   (ख) बलवती
   (ग) बालवती

8. सामान्यतः 'आ' प्रत्यय से बनाए जा सकते हैं –
   (क) पुल्लिंग शब्द
   (ख) स्त्रीलिंग शब्द
   (ग) कोई नहीं

9. 'मालिन' का पुल्लिंग है –
   (क) माला
   (ख) मालि
   (ग) माली

10. 'सेठानी' का पुल्लिंग है –
    (क) सेठ
    (ख) सेठी
    (ग) सेठा

11. 'लेखिका' का पुल्लिंग क्या है?
    (क) लेखन
    (ख) लेखक
    (ग) लेखान

12. 'भगवान' का स्त्रीलिंग क्या है?
    (क) भगवती
    (ख) भगवत
    (ग) भगवति

13. लिंग के कितने भेद होते हैं?
    (क) दो
    (ख) तीन
    (ग) चार

14. लिंग किसे कहते हैं?
    (क) शब्दों में परिवर्तन
    (ख) जिससे पुरुष या स्त्री का पता चले
    (ग) विपरीतार्थक शब्द

# 9-वचन

1. ‘प्राण’ शब्द का वचन है -
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) दोनों

2. ‘वृंद’ लगाकर बने बहुवचन का सही विकल्प क्या है?
   (क) अध्यापकवृंद
   (ख) गुरुजनवृंद
   (ग) भाईवृंद

3. जनता शब्द का वचन है -
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) दोनों

4. ‘अध्यापिका’ का बहुवचन क्या है?
   (क) अध्यापक
   (ख) अध्यापिकाएँ
   (ग) अध्यापिकाओं

5. ‘कन्या’ शब्द का बहुवचन क्या है?
   (क) कन्याएँ
   (ख) कन्य
   (ग) कन्याओं

6. ‘एकवचन’ किसे कहते हैं?
   (क) एक से अधिक होने का पता चले
   (ख) वस्तु/प्राणी के एक होने का पता चले
   (ग) इनमें से कोई नहीं

7. ‘बहुवचन’ किसे कहते है?
   (क) विशेषण
   (ख) एक से अधिक होने का पता चले
   (ग) जाति का बोध कराने वाले को

8. ‘वचन’ शब्द का अर्थ क्या है?
   (क) संख्या
   (ख) सर्वनाम
   (ग) संज्ञा

9. ‘महिला’ शब्द का सही बहुवचन रूप क्या होगा?
   (क) महिला ने
   (ख) महिलाओं
   (ग) महिलाएँ

10. वचन कितने प्रकार के होते हैं?
   (क) दो
   (ख) चार
   (ग) सात

11. ‘हस्ताक्षर’ शब्द का वचन है-
   (क) एकवचन
   (ख) बहुवचन
   (ग) दोनों

12. ‘स्त्री’ शब्द का बहुवचन क्या है?
   (क) पुरुष
   (ख) नारी
   (ग) स्त्रियाँ

13. ‘मेले’ शब्द का एकवचन क्या है?
   (क) मेला
   (ख) मेल
   (ग) मेलो

14. ‘रुपया’ का बहुवचन क्या है?
   (क) रुपय
   (ख) रुपये
   (ग) रूपइये

# 10-मुहावरे

1. 'घोड़े बेचकर सोना' का सही अर्थ होगा -

(क) थक जाना

(ख) निश्चिंत होना

(ग) धोखा देना

2. 'गागर में सागर भरना' का सही अर्थ होगा -

(क) थोड़े में बहुत कहना

(ख) पानी भरना

(ग) पानी देना

3. 'टूट पड़ना' का सही अर्थ होगा -

(क) थक जाना

(ख) टूट जाना

(ग) ज़ोरदार हमला करना

4. 'आगे कुआँ पीछे खाई' का सही अर्थ है -

(क) सब ओर विपत्ति होना

(ख) अपना दोष न दिखना

(ग) काम शुरू होते ही विघ्न पड़ना

5. 'दूध का दूध, पानी का पानी' का सही अर्थ है -

(क) दूध में पानी मिलना

(ख) सच्चा न्याय करना

(ग) अनपढ़ होना

6. कविता ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में क्या कर दिया?

(क) सिक्का जमा दिया

(ख) चार-चाँद लगा दिया

(ग) ठहाका लगाया

7. 'अक्ल का दुश्मन होना' मुहावरे का सही अर्थ होगा-

(क) मूर्ख होना

(ख) बदमाश होना

(ग) पागल होना

8. 'लाल पीला होना' का अर्थ क्या है?

(क) स्वयं को लाल और पीला रखना

(ख) लाल और पीले रंग को मिलाना

(ग) क्रोधित होना

9. 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' का सही अर्थ क्या है?

(क) परिश्रम अधिक लाभ कम

(ख) अपना दोष न दिखना

(ग) दोगुना लाभ होना

10. 'चंपत होना' का सही अर्थ क्या होगा -

(क) भाग जाना

(ख) जाग जाना

(ग) घबरा जाना

# 11-विराम-चिह्न

1. 'विराम-चिह्न' कितने प्रकार के होते हैं ?
   (क) आठ प्रकार के
   (ख) अनेक प्रकार के
   (ग) बारह प्रकार के

2. क्या तुम फिल्म देखने जा रहे हो ? वाक्य में कौन-सा विराम चिह्न है ?
   (क) प्रश्नवाचक
   (ख) पूर्णविराम
   (ग) अल्पविराम

3. बालक ने कहा, "मेरे दाँत में दर्द है।" वाक्य में विराम चिह्न है ?
   (क) उदधरण चिह्न
   (ख) लाघव-चिह्न
   (ग) प्रश्नवाचक

4. रूचि, भव्या, राजु तथा रामू एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। यहाँ विराम-चिह्न है-
   (क) अल्पविराम
   (ख) योजक-चिह्न
   (ग) प्रश्नवाचक

5. अहा ! क्या खुशबू है- वाक्य में विराम-चिह्न है ?
   (क) विस्मयादिबोधक
   (ख) अल्पविराम
   (ग) उदधरण चिह्न

6. विस्मयादिसूचक चिह्न कौन-सा है?
   (क) ?
   (ख) !
   (ग) ,

7. चुटकुला सुनते ही हँसते-हँसते लोटपोट हो गए- वाक्य में विराम -चिह्न है-
   (क) अल्पविराम
   (ख) पूर्णविराम
   (ग) योजक-चिह्न

8. पिता जी ने कहा "मैं कल दिल्ली जा रहा हूँ।" इस वाक्य में कौन-सा चिह्न है?
   (क) उदधरण चिह्न
   (ख) लाघव चिह्न
   (ग) अल्प विराम

9. वाल्मीकि जी ने 'रामायण' लिखी है। इस वाक्य में कौन-सा चिह्न है?
   (क) इकहरा उद्धरण
   (ख) दोहरा उद्धरण
   (ग) प्रश्नवाचक

10. मैं कक्षा पाँच में पढ़ता हूँ। इस वाक्य में कौन-सा चिह्न है?
    (क) पूर्णविराम
    (ख) अल्पविराम
    (ग) प्रश्नवाचक

11. हाय ! मैं बर्बाद हो गया। इस वाक्य में कौन-सा चिह्न है?
    (क) प्रश्नवाचक
    (ख) विस्मयादिबोधक
    (ग) अल्पविराम

12. ( , ) इस चिह्न को क्या कहते हैं?
    (क) पूर्णविराम
    (ख) अल्पविराम
    (ग) प्रश्नसूचक


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 12-वाक्य

1. 'रंजीत का भाई संजीव एक अच्छा गायक है' । वाक्य में उद्देश्य क्या है?
   (क) अच्छा गायक
   (ख) रंजीत का भाई
   (ग) रंजीत का भाई संजीव

2. शायद वह खेलने चला गया होगा। वाक्य का सही भेद क्या है?
   (क) विधानवाचक
   (ख) आज्ञावाचक
   (ग) संदेहवाचक

3. सूर्य पूरब में उदय होता है। वाक्य का सही भेद क्या है?
   (क) प्रश्नवाचक
   (ख) विधानवाचक
   (ग) आज्ञावाचक

4. वह मेहनत करता तो असफल नहीं होता। वाक्य का सही भेद क्या है?
   (क) संकेतवाचक
   (ख) संदेहवाचक
   (ग) प्रश्नवाचक

5. छि: ! कितनी गंदगी है। वाक्य का सही भेद क्या है?
   (क) इच्छावाचक
   (ख) संदेहवाचक
   (ग) विस्मयादिबोधक

6. तुम सदा प्रसन्न रहो। वाक्य का सही भेद क्या है?
   (क) प्रश्नवाचक
   (ख) संदेहवाचक
   (ग) इच्छावाचक

7. मैं खेलने जाऊँगा। वाक्य का सही भेद क्या है?
   (क) विधानवाचक वाक्य
   (ख) निषेधवाचक वाक्य
   (ग) इच्छावाचक वाक्य

8. शायद वर्षा होगी। वाक्य का सही भेद क्या है?
   (क) इच्छावाचक वाक्य
   (ख) संदेहवाचक वाक्य
   (ग) आज्ञावाचक वाक्य

9. तुम्हारी यात्रा मंगलमय हो। वाक्य का सही भेद क्या है?
   (क) इच्छावाचक वाक्य
   (ख) प्रश्नवाचक वाक्य
   (ग) विधानवाचक वाक्य

10. मैं घूमने नहीं जाऊँगा। वाक्य का सही भेद क्या है?
   (क) विस्मयादिबोधक वाक्य
   (ख) विधानवाचक वाक्य
   (ग) निषेधवाचक वाक्य

# 13-शब्द-भंडार

(विलोम शब्द, पर्यायवाची शब्द, अनेकार्थक शब्द, समरूपी-भिन्नार्थक शब्द, समूहवाची शब्द, वाक्यांश के लिए एक शब्द)

1. 'असि' का पर्यायवाची शब्द क्या है?
   (क) सुमन
   (ख) नीरज
   (ग) खड्ग

2. 'अंबर' शब्द का अनेकार्थक शब्द क्या होगा?
   (क) आसमान
   (ख) कपड़ा
   (ग) (क), (ख) दोनों

3. चित्र बनाने वाला, वाक्यांश के लिए एक शब्द कौन-सा है?
   (क) श्रोता
   (ख) श्रमिक
   (ग) चित्रकार

4. 'संध्या' का अर्थ क्या होगा?
   (क) शाम
   (ख) श्याम
   (ग) कृष्ण

5. 'घोंसला' का अर्थ क्या होगा?
   (क) नीर
   (ख) नीड़
   (ग) चालक

6. 'नमस्कार' का अर्थ क्या होगा?
   (क) प्रमाण
   (ख) प्रणाम
   (ग) चालाक

7. 'विलोम' शब्द का अर्थ क्या है?
   (क) सीधा
   (ख) विपरीत
   (ग) इनमें से कोई नहीं

8. 'भेद' शब्द का अर्थ न देने वाला शब्द कौन-सा है?
   (क) अंतर
   (ख) रहस्य
   (ग) समय

9. मोतियों की 'लच्छी' टूट गई। इनमें से समूहवाची शब्द कौन-सा है?
   (क) माला
   (ख) गठरी
   (ग) जाल

10. 'कठोर' का विलोम शब्द क्या है?
   (क) निशा
   (ख) सुबह
   (ग) मुलायम

11. 'देवता' का पर्यायवाची शब्द क्या है?
   (क) सुर
   (ख) नृप
   (ग) नरेश

12. 'शेर' का पर्यायवाची शब्द क्या है?
   (क) सिंह, केसरी, मृगराज
   (ख) केसरी, मतंग, सिंधु
   (ग) सवेरा, मृगराज, गज


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

13. अंगूरों का 'ढेर' मेज़ पर रखा है। इनमें से समूहवाची शब्द कौन-सा है?
(क) गुच्छा
(ख) झुंड
(ग) गुच्छी

14. गायों की मंडली सड़क से जा रही थी। 'मंडली' शब्द का समूहवाची शब्द है-
(क) झुंड
(ख) टुकड़ी
(ग) गठरी

15. 'और' शब्द का अर्थ न देने वाला शब्द कौन-सा है?
(क) तथा
(ख) अधिक
(ग) लेकिन

16. 'सुनने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द कौन-सा है?
(क) मजदूर
(ख) श्रोता
(ग) सर्वज्ञ

17. 'खेती करने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द कौन-सा है?
(क) कुम्हार
(ख) लुहार
(ग) किसान

18. 'रक्षक' शब्द का विलोम क्या होता है?
(क) रक्षा
(ख) भक्षक
(ग) मारना

19. निम्नलिखित में से गरीब शब्द का क्या अर्थ है?
(क) दिन
(ख) दीन
(ग) दोनों

20. 'तथा' शब्द के लिए प्रयोग होने वाला शब्द होगा-
(क) ओर
(ख) और
(ग) दोनों

21. सुलोचना के नेत्र बहुत सुंदर हैं। 'नेत्र' का पर्यायवाची शब्द है-
(क) नासिका
(ख) आँख
(ग) मीन

22. कल मैंने अपने मित्र से भेंट की। अनेकार्थक शब्द 'भेंट' का अर्थ है-
(क) उपहार
(ख) मुलाकात
(ग) दोनों

23. 'जो मीठा बोलता है' के लिए एक शब्द होगा-
(क) मधुरवानी
(ख) मृदुभाषी
(ग) मिष्टान्न

24. वर्ष में एक बार होने वाला-
(क) पाक्षिक
(ख) मासिक
(ग) वार्षिक

# 14-अपठित काव्यांश एवं गद्यांश

**निम्न काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर व समझकर अन्य प्रश्नों के उत्तर इसी के आधार पर दीजिए-**

बूंद-बूंद से घड़ा है भरता,
अक्षर-अक्षर से ज्ञान है आता,
शीतल जल से तृष्णा हरता।
सही गलत का भेद बताता।

पेड़-पेड़ से जंगल बनता,
पल-पल से दिन मास हैं बनते,
छाया, लकड़ी, ईंधन देता।
जो समय गँवाते, वे हाथ हैं मलते।

एक-एक फूल से सजे बगीचा,
जन-जन से देश समाज है बनता,
जिसे देख हर दिल है खिलता।
मानव है वही, जो पर पीड़ा हरता।

**1. कविता में तृष्णा शब्द का प्रयोग किस अर्थ में किया गया है–**

(क) इच्छा

(ख) चाह

(ग) प्यास

**2. जंगल हमें क्या नहीं देते–**

(क) छाया

(ख) प्रदूषण

(ग) प्राण वायु

**3. अक्षर हमें ………………… देते हैं**

(क) धन

(ख) सम्मान

(ग) ज्ञान

**4. पर पीड़ा का अर्थ है ………………**

(क) स्वार्थ

(ख) दूसरों का हित

(ग) दूसरों की तकलीफ़

**5. कविता में प्रयुक्त मुहावरा है–**

(क) पर पीड़ा हरना

(ख) तृष्णा हरना

(ग) हाथ मलना

**6. सही गलत का भेद जानने के लिए क्या आवश्यक है?**

(क) पेड़-पौधे

(ख) जल

(ग) ज्ञान

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए-**

अली और हरीश मैदान में पतंग उड़ा रहे हैं। हरीश की पतंग में लाल और पीली धारियाँ हैं। अली की पतंग का रंग हरा है। दोनों की पतंगें आसमान में ऊँची उड़ रही हैं। मैदान में कुछ और बच्चे गेंद से खेलने आए। रमेश ने अली से पूछा "तुम हरीश की पतंग के साथ पेंच लड़ाओगे?" सब लड़के बोल उठे, "हाँ! हाँ! तुम दोनों पेंच लड़ाओ।" हरीश बोला, "अभी पतंग बहुत ऊपर है। मेरी पतंग कट जाएगी। मेरी सारी डोर चली जाएगी।" सब लड़के बोल


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

उठे, "डरपोक! डरपोक! पेंच लड़ाने से डरता है।" दोनों पतंगें हवा के झोंके से आपस में लड़ गईं। बच्चों ने शोर मचाया, "पेंच लड़ गए। पेंच लड़ गए।" अली ने चरखी को ज़मीन पर फेंका। वह तेज़ी से डोर खींचने लगा। अली ने उसी समय डोर को ढील दी। वह बोला, "वह काटा!" हरीश के हाथ की डोर भी ढीली पड़ गई। लाल-पीली धारी वाली पतंग नीचे आने लगी। सब बच्चे पतंग के पीछे भागे, "लूटो! लूटो! पतंग लूटो!"

**1. पतंग कौन उड़ा रहा था?**

(क) अली और मोहन

(ख) हरीश और अली

(ग) मोहन और अली

**2. अली की पतंग किस रंग की थी?**

(क) पीली

(ख) लाल

(ग) हरी

**3. कुछ बच्चे मैदान में क्या करने आए थे?**

(क) पतंग उड़ाने

(ख) गेंद से खेलने

(ग) क्रिकेट खेलने

**4. कौन-सी पतंग नीचे गिरी थी?**

(क) हरी

(ख) पीली

(ग) लाल-पीली धारी वाली

**5. गद्यांश के लिए उचित शीर्षक क्या होगा?**

(क) दोस्ती

(ख) पतंग

(ग) लड़ाई

# 15-यह भी जानें

## संख्याओं के नाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | एक | 26 | छब्बीस |
| 2 | दो | 27 | सत्ताईस |
| 3 | तीन | 28 | अट्ठाईस |
| 4 | चार | 29 | उनतीस |
| 5 | पाँच | 30 | तीस |
| 6 | छह | 31 | इकतीस |
| 7 | सात | 32 | बत्तीस |
| 8 | आठ | 33 | तैंतीस |
| 9 | नौ | 34 | चौतीस |
| 10 | दस | 35 | पैंतीस |
| 11 | ग्यारह | 36 | छत्तीस |
| 12 | बारह | 37 | सैंतीस |
| 13 | तेरह | 38 | अड़तीस |
| 14 | चौदह | 39 | उनतालीस |
| 15 | पंद्रह | 40 | चालीस |
| 16 | सोलह | 41 | इकतालीस |
| 17 | सत्रह | 42 | बयालीस |
| 18 | अठारह | 43 | तैंतालीस |
| 19 | उन्नीस | 44 | चवालीस |
| 20 | बीस | 45 | पैंतालीस |
| 21 | इक्कीस | 46 | छियालीस |
| 22 | बाइस | 47 | सैंतालीस |
| 23 | तेईस | 48 | अड़तालीस |
| 24 | चौबीस | 49 | उनचास |
| 25 | पच्चीस | 50 | पचास |

## दिनों के नाम

रविवार

सोमवार

मंगलवार

बुधवार

बृहस्पतिवार

शुक्रवार

शनिवार

## महीनों के नाम

जनवरी

फ़रवरी

मार्च

अप्रैल

मई

जून

जुलाई

अगस्त

सितंबर

अक्तूबर

नवंबर

दिसंबर



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन